भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2405

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण 1948 (शक)

ईएसआईसी अस्पतालों में और अधिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं

†2405. **श्री टी.एम.सेल्वागणपति:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा छह राज्यों में अपने अवसंरचना नेटवर्क में सात और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 668 करोड़ रुपये की लागत वाली उक्त चिकित्सा सुविधाओं से देशभर में लगभग 53 लाख लाभार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): दिनांक 14 जुलाई, 2026 को छः राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की सात स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया गया।

इन सात परियोजनाओं का ब्यौरा, उनकी कुल परियोजना लागत तथा लाभार्थियों की संख्या सहित, संलग्नक में है।

* ****

संलग्नक

"ईएसआईसी अस्पतालों में और अधिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं के संबंध में श्री टी.एम. सेल्वागणपति द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा आतारांकित प्रश्न संख्या 2405 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक ।

सात ईएसआई स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाओं का ब्यौरा:

क्रम संख्या	**राज्य**	**परियोजना**	**लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों की कुल संख्या**	**कुल परियोजना लागत**
1.	तेलंगाना	ओपीडी ब्लॉक, ईएसआईसी अस्पताल सनतनगर	12.30 लाख	₹ 211.13 करोड़
2.	असम	अपग्रेडेड 200 बेडों वाला ईएसआईसी अस्पताल, बेलटोला	2.52 लाख	₹ 154.75 करोड़
3.	तमिलनाडु	ईएसआईसी अस्पताल, श्रीपेरंबदूर	21.05 लाख	₹ 177.01 करोड़
4.	आंध्र प्रदेश	ईएसआईएस अस्पताल, राजमहेंद्रवरम,	13.27 लाख	₹ 109 करोड़
5.	गुजरात	ईएसआई डिस्पेंसरी और शाखा कार्यालय, सुरेंद्रनगर	35,000	₹ 4.05 करोड़
6.	राजस्थान	ईएसआई डिस्पेंसरी और शाखा कार्यालय, उद्योग नगर, कोटा	1.07 लाख	₹ 7.83 करोड़
7.	राजस्थान	ईएसआई डिस्पेंसरी, भवानी मंडी	2.91 लाख	₹ 4.67 करोड़
कुल			53.47 लाख	₹ 668.44 करोड़

(स्रोत: ईएसआईसी मुख्यालय)